UNIVERSITY NEWS 01 NOVEMBER 2026

HINDUSTAN

संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए कुलपति के निर्देश पर परिवर्तन

एलयू में कंप्यूटर विज्ञान के विभाग को नया भवन मिलेगा

विस्तार

लखनऊ,प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में विभागों के भवनों और शैक्षणिक संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कुलपति जेपी सैनी के आदेश के अनुपालन में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए आईडीए तथा एपीजे अब्दुल कलाम रिसर्च सेंटर के सभी कक्षों और प्रयोगशालाओं का उपयोग किया जाएगा।

कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की ओर से 30 अक्टूबर 2026 को जारी कार्यालय आदेश के अनुसार कंप्यूटर विज्ञान विभाग का संचालन पूरी तरह ओएसजीसी बिल्डिंग में किया जाएगा। इसके साथ ही विज्ञान संकाय स्थित कंप्यूटर विज्ञान विभाग की पुरानी बिल्डिंग का उपयोग अब कृषि संकाय के विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए किया जाएगा। आदेश में पुरानी बिल्डिंग को कृषि संकाय के विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपयोग में लाने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इस संबंध में जरूरी अधिकारियों एवं विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



पुस्तकालयों में एआई

विश्वविद्यालय में 14वें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय एवं सूचना पेशेवर शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन पुस्तकालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग और मानवीय मूल्यों की भूमिका पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम के माध्यम से यह दिया गया कि बिना मानवीय बुद्धिमत्ता के कृत्रिम बुद्धिमत्ता का कोई अस्तित्व नहीं है।

प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म 12 तक भरें

लखनऊ विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2026 में होने वाली प्रथम सेमेस्टर की नियमित एवं बैकपेपर/ इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं को 12 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करने के निर्देश दिए हैं। विद्यार्थी समर्थ स्टूडेंट लॉगिन के माध्यम से पंजीकरण कर परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करने के बाद फॉर्म का प्रिंट निकालकर संबंधित महाविद्यालय या विभाग में जमा करना होगा।

क्रिप्टोनिक्स टीम विजेता, विद्यार्थियों ने दिखाया दम

एआई, ब्लॉकचेन और साइबर सुरक्षा की चुनौतियों के बीच विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने तकनीक आधारित नवाचार प्रस्तुत किए। अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित 'हैक्टोबरफेस्ट हैक डे' में 92 टीमों ने पंजीकरण कराया जिनमें 15 श्रेष्ठ टीमों का चयन किया गया। क्रिप्टोनिक्स ने पहला, टेक टाइटन्स ने दूसरा और नोवाकोर ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्रिप्टोनिक्स ने 'लीश' नामक प्रोजेक्ट का प्रोटोटाइप प्रस्तुत किया। यह एआई एजेंट के जरिए होने वाले डिजिटल और क्रिप्टोकरेंसी भुगतान सुरक्षित रखने पर केंद्रित है।

HINDUSTAN

योग दिवस के लिए अमरजीत सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के योग विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के राज्यस्तरीय आयोजन में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष विभाग के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान दिया। डॉ. अमरजीत यादव वर्ष 2015 में प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन से ही आयुष विभाग की राज्यस्तरीय आयोजन समिति में कोऑर्डिनेटर एवं सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं।

आंकड़ों के उपयोग से शोध को नई दिशा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'एनएसएसओ यूनिट लेवल डेटा को कैसे एक्सेस करें' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत वाणिज्य संकाय के एस. बी. सिंह सभागार में किया गया। वक्ताओं ने बताया कि आंकड़ों के उपयोग से शोध को नई दिशा मिलेगी।

AMAR UJALA

टेबल टेनिस में दिव्यांशु ने जीता खिताब



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चल रहे खेल महोत्सव 'आरंभ-2026' के दूसरे दिन शनिवार को टेबल टेनिस के मुकाबले हुए। एकल वर्ग के फाइनल में दिव्यांशु ने रोहन राणा को हराकर पहला स्थान हासिल किया। मिश्रित युगल में मन्नत और दिव्यांशु की जोड़ी ने ने कामना सिंह व शौर्य सिंह को हराया। युगल वर्ग में उत्कर्ष राणा और हर्ष राणा की जोड़ी विजेता रही। एकल फाइनल के युगल वर्ग में उत्कर्ष राणा और हर्ष राणा विजेता रहे। दिव्यांशु श्रीवास्तव और विवेक कुमार गुप्ता को उपविजेता स्थान मिला। (संवाद)

पेंटिंग और मूर्तियों में दिखी राष्ट्र एकता की झलक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स में शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कुलपति प्रो. जेपी सिंह सैनी, डीन एवं प्राचार्य डॉ. रतन कुमार और डॉ. अमिता कनौजिया ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने फोटोग्राफ, पेंटिंग, ग्राफिक्स और मूर्तियों के जरिये राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

आंकड़ों के विश्लेषण की तकनीक समझाई

लखनऊ। लविवि के व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के आंकड़ों के उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। मुख्य वक्ता डेलॉइट इंडिया के प्रबंधक अर्थशास्त्री डॉ. शिवाकर तिवारी ने विभिन्न शोध सॉफ्टवेयरों के माध्यम से आंकड़ों के विश्लेषण की तकनीक समझाई। कार्यक्रम कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी और वाणिज्य संकाय की अधिष्ठाता प्रो. अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के संयोजक डॉ. करुणा शंकर कनौजिया ने संचालन किया। (संवाद)

AMAR UJALA

पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए व्यवहार कुशलता और समर्पण जरूरी

लखनऊ। लविवि में आयोजित 14वें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय एवं सूचना पेशेवर शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को विशेषज्ञों ने पुस्तकालयों और एआई पर विचार रखे। नॉर्वे, सिंगापुर और थाईलैंड के विशेषज्ञ ऑनलाइन जुड़े। डॉ. राजेश कुमार ने पुस्तकालयाध्यक्षों के लिए व्यवहार कुशलता और समर्पण जरूरी बताया। सिंगापुर के प्रो. ली चू केओंग ने कहा कि मानवीय बुद्धिमत्ता एआई से ज्यादा प्रभावी है। डॉ. नीरज कुमार सिंह ने कॉपीराइट और एआई के नैतिक उपयोग पर यूजीसी की नीति न होने का मुद्दा उठाया। डॉ. वेंकट राव पोकरि ने पुस्तकालयाध्यक्षों को सर्च इंजन से अधिक महत्वपूर्ण बताया। पैनल चर्चा में डॉ. बाबिता गौर ने एआई में मानवीय संवेदना के अभाव पर जोर दिया। डॉ. पीआर गोस्वामी, डॉ. जतिंदर कुमार और डॉ. एनके खत्री ने भी अपने विचार रखे। (संवाद)

AMAR UJALA

कैंसर के नए इलाज की उम्मीद जगाने वाले शोध को पेटेंट

लखनऊ। कैंसर के खिलाफ प्रभावी दवाओं की खोज की दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय के शोध को बड़ी उपलब्धि मिली है। विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश का यह शोध बिस्मथ डाइथायोकार्बामेट कॉम्प्लेक्स के संश्लेषण और उनकी कैंसर-रोधी गतिविधियों से जुड़े आविष्कार के लिए पेटेंट मिला है।

शोध में धातु आधारित यौगिकों की रासायनिक संरचना, समन्वय व्यवस्था और भौतिक-रासायनिक गुणों का जैविक गतिविधियों पर पड़ने वाला प्रभाव महत्वपूर्ण है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह शोध कैंसर के संभावित उपचार के लिए नए यौगिकों की खोज का रास्ता खोल सकता है। इन यौगिकों की प्रभावशीलता और सुरक्षा प्रमाणित होने पर कैंसर के नए उपचार विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान मिल सकता है। हालांकि, चिकित्सीय उपयोग से पहले इनकी क्रियाविधि, कैंसर कोशिकाओं पर चयनात्मक प्रभाव, विषाक्तता और जैविक सुरक्षा की विस्तृत जांच जरूरी होगी। (संवाद)

LU : पहले सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म जारी

■ NBT रिपोर्ट, **लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए परीक्षा फॉर्म जारी कर दिये हैं। विवि की ओर से नियमित और इम्प्रूवमेंट परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 12 नवंबर निर्धारित की है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी आदेश के तहत नियमित विद्यार्थियों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरना होगा। इसके बाद फॉर्म का प्रिंट संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष या निदेशक कार्यालय में जमा करना होगा। महाविद्यालयों को विद्यार्थियों के फॉर्म निर्धारित समय पर ऑनलाइन अग्रसारित करने और परीक्षा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

SWATANTRA BHARAT

हैकाथॉन में क्रिप्टोनिक्स को मिला पहला स्थान

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से आयोजित हैकाथॉन 'हैक्टोबरफेस्ट हैक डे 2026' में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ओपन-सोर्स तकनीक पर आधारित नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में 92 टीमों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से निर्णायक मंडल ने 15 श्रेष्ठ टीमों का चयन किया। प्रतियोगिता में क्रिप्टोनिक्स टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर छह हजार रुपये का पुरस्कार जीता। टीम ने 'लीश द एआई गॉट हैक्ड, द मनी डिड नॉट' प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। खुशी कुशवाहा के नेतृत्व वाली टीम में किनजल गोस्वामी, अंबर गुप्ता और छवि गुप्ता शामिल रहीं।

योगदान के लिए डॉ अमरजीत सम्मानित

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के राज्य स्तरीय आयोजन में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें प्रदेश के आयुष विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि डॉ अमरजीत यादव वर्ष 2015 में प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन से ही आयुष विभाग की राज्य स्तरीय आयोजन समिति में कोऑर्डिनेटर एवं सदस्य के रूप में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। वर्ष 2017 में लखनऊ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस आयोजन की कोर कमेटी के सदस्य के रूप में भी डॉ. यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

AMRIT VICHAR

लविवि को मिला कैंसर रोधी बिस्मथ कॉम्प्लेक्स पर भारतीय पेटेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश के नवाचार को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा भारतीय पेटेंट प्रदान किया गया है। यह पेटेंट "बिस्मथ डाइथायोकार्बामेट कॉम्प्लेक्स, प्रोसेसेस फॉर देयर प्रिपरेशन, एंड एक्जिबिटिंग एंटीकैंसर एक्टिविटी" शीर्षक वाले आविष्कार के लिए 4 सितंबर को जारी किया गया।

यह आविष्कार बिस्मथ डाइथायोकार्बामेट कॉम्प्लेक्स के संश्लेषण और उनकी कैंसर-रोधी क्षमता से संबंधित है। यह शोध धातु-आधारित समन्वय यौगिकों तथा जैव-चिकित्सकीय अनुसंधान में उनके संभावित उपयोग को दर्शाता है। औषधीय रसायन विज्ञान में धातु-आधारित यौगिक विशेष महत्व रखते हैं, क्योंकि इनकी संरचना और भौतिक-रासायनिक विशेषताएं जैविक गतिविधियों को प्रभावित करती हैं।

AMAR UJALA

एपीजे अब्दुल कलाम शोध केंद्र में चलेंगी कंप्यूटर साइंस विभाग की कक्षाएं

लखनऊ। लविवि के कंप्यूटर साइंस विभाग की सभी कक्षाएं और प्रयोगशालाएं अब एपीजे अब्दुल कलाम शोध केंद्र में संचालित होंगी। कुलपति के निर्देश पर कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने शुक्रवार को कार्यालय आदेश जारी किया। विज्ञान संकाय स्थित कंप्यूटर साइंस विभाग की पुरानी बिल्डिंग कृषि संकाय के विद्यार्थियों के उपयोग में लाई जाएगी। (संवाद)

12 तक भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 नवंबर निर्धारित की गई है। विद्यार्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म का प्रिंट संबंधित कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। महाविद्यालयों को 14 नंवबर तक सभी फॉर्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने होंगे। (संवाद)

AMRIT VICHAR

लविवि में याद किए गए आचार्य नरेंद्र देव

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय मे पूर्व कुलपति, प्रखर समाजवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी आचार्य नरेंद्र देव की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। छात्रनेता आदित्य पाण्डेय ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव का संपूर्ण जीवन समाजवाद, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम माना। युवाओं को उनके आदर्शों पर चलकर शोषण व अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। इस दौरान अक्षत पाण्डेय, रवि नन्दन यादव, अनादि तिवारी, वैभव यादव, शिवा, सचिन और आदर्श उपस्थित रहे।

डॉ. अमरजीत यादव सम्मानित

लखनऊ,अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग (फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन) के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के राज्य स्तरीय आयोजन मे उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने उन्हे प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. अमरजीत यादव प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2015 से ही आयुष विभाग की राज्य स्तरीय आयोजन समिति मे कोऑर्डिनेटर व सदस्य के रूप मे सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे है।

AMRIT VICHAR

टेबल टेनिस में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चल रहे चार दिवसीय खेल महोत्सव 'आरंभ–2026' के दूसरे दिन टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। एकल, युगल एवं मिश्रित युगल वर्गों के मुकाबलों में विभिन्न महाविद्यालयों और विभागों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के एकल वर्ग के फाइनल में दिव्या कृपाल पी.जी. कॉलेज हरदोई के दिव्यांशु श्रीवास्तव ने खिताबी जीत दर्ज की, जबकि जय नारायण मिश्र डिग्री कॉलेज के रोहन राणा उपविजेता रहे। युगल वर्ग में लखनऊ विश्वविद्यालय के एम.बी.ए. के छात्र उत्कर्ष राणा और हर्ष राणा की जोड़ी विजेता बनी। वहीं दिव्यांशु श्रीवास्तव और विवेक कुमार गुप्ता की जोड़ी को उपविजेता स्थान से संतोष करना पड़ा। मिश्रित युगल वर्ग के रोमांचक मुकाबले में कालीचरण पी.जी. कॉलेज की मन्नत मिश्रा और दिव्या कृपाल पी.जी. कॉलेज हरदोई के दिव्यांशु श्रीवास्तव की जोड़ी ने खिताबी मुकाबला अपने नाम किया।

AMRIT VICHAR

12 नवंबर तक भरें विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लविवि और सहयुक्त कॉलेजों के यूजी, पीजी और डिप्लोमा छात्रों के लिए जारी हुआ निर्देश

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर दिसंबर–2026 के नियमित और इम्प्रूवमेंट परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी आदेश के अनुसार, प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों सहित अन्य विषम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 नवंबर निर्धारित की गई है।

विश्वविद्यालय परिसर में नवप्रवेशित छात्र समर्थ पोर्टल पर अपने एनरोलमेंट नंबर के जरिए लॉगिन बनाकर परीक्षा फॉर्म भरेंगे। इन छात्रों को अलग से कोई परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा, लेकिन भरे हुए फॉर्म का प्रिंटआउट संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष या निदेशक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। वहीं, सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्रों का एनरोलमेंट नंबर कॉलेज लॉगिन पर उपलब्ध कराया गया है, जहां से वे पंजीकरण कर शुल्क के साथ फॉर्म कॉलेज में जमा करेंगे।

इम्प्रूवमेंट परीक्षा के विद्यार्थियों को ऑनलाइन फॉर्म भरते समय निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा कर उसकी हार्ड कॉपी संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी। इसके अलावा, वर्ष 2025 से पूर्व के प्रथम सेमेस्टर इम्प्रूवमेंट परीक्षा के छात्र लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 12 नवंबर तक अपना फॉर्म भर सकेंगे। महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने यहां भरे गए फॉर्म, माइग्रेशन, टीसी और परीक्षा शुल्क रसीद के साथ 14 नवंबर तक परीक्षा विभाग में अनिवार्य रूप से जमा कराएं।

AMRIT VICHAR

लविवि में हैकाथॉन 'हैक्टोबरफेस्ट हैक डे', क्रिप्टोनिक्स बनी चैंपियन

ओपन-सोर्स और एआई आधारित नवाचारों में 92 टीमों ने लिया हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



● 15 श्रेष्ठ टीमों के बीच हुआ कड़ा मुकाबला

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से हैकाथॉन 'हैक्टोबरफेस्ट हैक डे-2026' का आयोजन किया गया। इस तकनीकी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ओपन-सोर्स तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित अपने नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया।

कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए कुल 92 टीमों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से मूल्यांकन के बाद शीर्ष 15 टीमों को अंतिम चरण के लिए चुना गया। निर्णायक मंडल में कोड माई बिजनेस के संस्थापक मोहम्मद रिजवान, सॉफ्टवेयर डेवलपर मोहम्मद बशीर अहमद और जेन टेक लिमिटेड के सॉफ्टवेयर इंजीनियर मिर्जा फैसल शामिल रहे।

प्रतियोगिता में 'लीश – द एआई गॉट हैक्ड, द मनी डिड नॉट' प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर खुशी कुशवाहा के नेतृत्व वाली टीम क्रिप्टोनिक्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम को 6 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस टीम में किनजल गोस्वामी, अंबर गुप्ता एवं छवि गुप्ता शामिल रहीं।

काव्या नागरिया के नेतृत्व वाली टीम टेक टाइटन्स ने 'एफ आर ए इंटेलीजेंस वर्कस्टेशन' प्रोजेक्ट के साथ दूसरा स्थान और 4 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। इस टीम में दिव्यांशु दुबे, हर्षित सिंह और हिमांशु शेखर रहे। वहीं, नमन शक्ति के नेतृत्व वाली टीम नोवाकोर को 'वस्पट्रेस' प्रोजेक्ट के लिए तीसरा स्थान और 2 हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिला। इस टीम में शिवम वर्मा, नेहा जायसवाल और निलांशा पाण्डेय शामिल रहीं।

आयोजन में संकाय के डीन प्रो. सत्येंद्र पाल सिंह, डॉ. हिमांशु पाण्डेय, डॉ. रवि कृष्ण पाण्डेय और ई. मारुति मौर्य का विशेष योगदान रहा। छात्र समन्वयक के रूप में आकाश कुमार यादव और आकाश सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई।

एआई की बहस के केंद्र में रहा मानवीय पक्ष

■ **लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित 14वें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय एवं सूचना पेशेवर शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन का समापन ह्यूमन इंटेलिजेंस के बिना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संभव नहीं के संदेश के साथ हुआ। दिनभर चले विभिन्न तकनीकी व विचार सत्रों में पुस्तकालयाध्यक्षों और शिक्षाविदों ने पुस्तकालय सेवाओं में एआई के जिम्मेदार उपयोग और मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखने पर मंथन किया। दिन की शुरुआत नॉर्वे, सिंगापुर और थाईलैंड के विशेषज्ञों के ऑनलाइन व्याख्यानों से हुई। विशेषज्ञ सत्र में मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट के डॉ. राजेश कुमार ने अच्छे व्यवहार, प्रबंधकीय कौशल व समर्पण को कुशल पुस्तकालयाध्यक्ष का मूल गुण बताया। पंजाब विश्वविद्यालय के डॉ. नीरज कुमार सिंह ने एआई से जुड़े कॉपीराइट, लेखकों के अधिकारों और यूजीसी स्तर पर स्पष्ट नीति के अभाव का मुद्दा उठाया।

AMAR UJALA

खिलाड़ियों का जज्बा

एलयू में चार दिवसीय खेल महोत्सव 'आरंभ-2026' के दूसरे दिन टेबल टेनिस में एकल वर्ग में दिव्यांशु श्रीवास्तव, मिश्रित युगल वर्ग में कालीचरण पीजी कॉलेज की मन्नत मिश्रा और दिव्या कृपाल पीजी कॉलेज, हरदोई के दिव्यांशु श्रीवास्तव की जोड़ी विजेता बनी।

दिव्यांशु ने जीते दो खिताब

लखनऊ। एलयू के द्वितीय परिसर में आयोजित खेल महोत्सव 'आरंभ-2026' में शनिवार को टेबल टेनिस के मुकाबलों में दिव्यांशु श्रीवास्तव ने दोहरी सफलता हासिल की। उन्होंने एकल और मिश्रित युगल दोनों वर्गों में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

AAJ

एलयू में आचार्य नरेंद्र देव की जयंती पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। लखनऊ विश्वविद्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर समाजवादी चिंतक, शिक्षाविद् एवं समाजवादी आंदोलन के प्रमुख स्तंभ आचार्य नरेंद्र देव की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। विदित हो कि आचार्य नरेंद्र देव लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे थे। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका संपूर्ण जीवन समाजवाद, स्वतंत्रताए समानता और जनकल्याण के आदर्शों के प्रति समर्पित रहा।

SWATANTRA BHARAT

कैंसर-रोधी अनुसंधान से जुड़े आविष्कार को लविवि का पेटेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश से संबंधित शोध आविष्कार को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने भारतीय पेटेंट प्रदान किया है। विश्वविद्यालय को पेटेंट संख्या 601484 के तहत यह उपलब्धि चार सितंबर 2026 को मिली। पेटेंट का शीर्षक 'बिस्मथ डाइथायोकार्बामेट कॉम्प्लेक्स, उनके निर्माण की प्रक्रिया एवं कैंसर-रोधी गतिविधि' है। यह आविष्कार बिस्मथ आधारित रासायनिक यौगिकों के संश्लेषण और उनकी कैंसर-रोधी गतिविधियों से संबंधित है। शोध में इन यौगिकों के संभावित जैव-चिकित्सकीय उपयोग की संभावनाओं को रेखांकित किया गया है। कैंसर के उपचार के लिए नए विकल्पों की खोज के दृष्टिगत यह शोध महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि इनके चिकित्सकीय उपयोग से पहले कैंसर कोशिकाओं पर प्रभाव, चयनात्मकता, विषाक्तता और जैविक सुरक्षा का विस्तृत परीक्षण आवश्यक होगा। इस पेटेंट से भविष्य में औषधीय अनुसंधान, वैज्ञानिक सहयोग और नई तकनीकों के विकास को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

DAINIK JAGRAN

एक नजर में

डा. अमरजीत यादव को राज्य स्तरीय सम्मान



डा. अमरजीत यादव को आयुष विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री डा. दयाशंकर मिश्र ने सम्मानित किया ● सौ लवि

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय के समन्वयक डा. अमरजीत यादव को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के राज्य स्तरीय आयोजन में उत्कृष्टनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आयुष विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री डा. दयाशंकर मिश्र ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। डा. यादव वर्ष 2015 से आयुष विभाग की राज्य स्तरीय आयोजन समिति में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। बि.

DAINIK JAGRAN

क्रिप्टोनिक्स को पहला स्थान

लखनऊ : लवि के कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से आयोजित हैकाथान 'हैक्टोबरफेस्ट हैक डे' में 92 टीमों ने पंजीकरण कराया। निर्णायक मंडल ने 15 श्रेष्ठ टीमों का चयन किया। प्रतियोगिता में क्रिप्टोनिक्स ने प्रथम स्थान हासिल कर छह हजार रुपये, टेक टाइटंस को दूसरा स्थान और चार हजार रुपये, जबकि नोवाकोर को तीसरा स्थान और दो हजार रुपये मिले। बि.